**प्रसार भारती**

**भारतीय प्रसारण निगम**

**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**

**09.07.2025/प्रादेशिक समाचार/11:00बजे**

**दौरा**

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष व केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा आज मंडी जिला के आपदा प्रभावित क्षेत्रों का दौरा करेंगे। ये जानकारी प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल ने दी है।

***भारतीय जनता पार्टी के माननीय राष्ट्रीय अध्यक्ष व केंद्रीय स्वास्थ्य परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा 9 जुलाई को आपदा प्रभावित क्षेत्र मंडी जिला का प्रवास करेंगे। उनका प्रवास कार्यक्रम थुनाग जाने का है और उस कार्यक्रम में जयराम ठाकुर जी नेता प्रतिपक्ष और मैं स्वयं व अन्य हमारे नेतागण साथ में रहेंगे।***

इस बीच मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू भी आज से मंडी जिला के आपदा प्रभावित क्षेत्रों के दो दिवसीय दौरे पर हैं। इस दौरान मुख्यमंत्री आज थुनाग व बगस्याड़ के सरन गांव और जंजैहली में प्रभावितों से मिलेंगे।

**मुख्यमंत्री**

इससे पहले मुख्यमंत्री ने कल शिमला जिला में निर्माणाधीन 27 किलोमीटर लंबे शोघी–ढली फोरलेन मार्ग के विभिन्न संवेदनशील स्थलों का निरीक्षण किया। उन्होंने भट्टाकुफर, संजौली, ढली व आसपास के क्षेत्रों का दौरा कर स्थिति का जायजा लिया और स्थानीय लोगों की समस्याएं सुनीं। मुख्यमंत्री ने प्रभावितों को राज्य सरकार की ओर से हर संभव सहायता का आश्वासन दिया।

***जिसका घर जाता है उसकी दिन रात की मेहनत की कमाई होती है। बड़ी मुश्किल से पाई–पाई जोड़कर बड़ा घर बनाता है। और जिस प्रकार की कटिंग एनएचएआई कर रही है इस मामले को मैं दिल्ली जाकर माननीय मंत्री नीतिन गडकरी जी से भी बात करूंगा। लेकिन जो आपदा प्रभावित परिवार हैं और जिन मकानों का हमें लगता है कि खतरा है तो हमने कहा है कि आपको अगर दस हजार रूपए या 12 हजार रूपए में शहर में किराए पर मकान मिलता है तो उन मकानों में चले जाए। अपने रिश्तेदार के पास भी जाना चाहता है और अगर रिश्तेदार भी पैसे लेना चाहता है तो हम वो भी देंगे। जल्दी ही हम जो आपदा से प्रभावित परिवार हैं उनके लिए आपदा राहत पैकेज अपने रिसोर्सिज से लेकर आएंगे।***

**पासपोर्ट सुविधा**

हिमाचल प्रदेश के आकांक्षी जिला चंबा में अब लोगों को घर–द्वार पासपोर्ट बनाने की सुविधा मिलेगी। आज से चंबा में इस सुविधा की शुरूआत की जा रही है। तीन दिन तक चंबा के चौगान मैदान में

मोबाइल वैन के माध्यम से लोगों के पासपोर्ट बनाए जाएंगे। विस्तृत ब्यौरे के साथ हमारे चंबा जिला संवाददाता।

*आज चम्बा जिला मुख्यालय में मोबाइल वैन के माध्यम से लोगों के पासपोर्ट बनाए जाएंगे। हिमाचल प्रदेश में इस सुविधा का शुभारम्भ आज चम्बा से होने जा रहा है जबकि इससे पूर्व देश के कई अन्य राज्यों में लोगों को ये सुविधा मिल चुकी है। ये मोबाइल वैन 3 दिनों तक चम्बा में पासपोर्ट बनाने का कार्य करेगी। चम्बा के लोगों को पहले पासपोर्ट बनाने के लिए कांगड़ा या शिमला जाना पड़ता था लेकिन इस मोबाइल वैन से अब घर द्वार ये सुविधा लोगों को मिल पाएगी।*

**रोक**

पर्यटन विभाग ने चम्बा के खज्जियार में पैराग्लाडिंग पर रोक लगा दी है। ये रोक 15 जुलाई से 15 सितम्बर तक रहेगी। विभाग ने मानसून के दृष्टिगत ये फैसला लिया है ताकि बरसात के दौरान पर्यटकों की जान को कोई जोखिम न रहे। बरसात के दौरान करीब एक माह तक पर्यटक पैराग्लाडिंग नहीं कर पाएंगे।

**दौरा**

डॉ. यशवंत सिंह परमार औद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय, नौणी के बागवानी विशेषज्ञों की पांच टीमें आज से शिमला जिले के विभिन्न क्षेत्रों में फील्ड विजिट और जागरूकता अभियान चलाएंगी। इस पहल का उद्देश्य किसानों को सेब और अन्य स्टोन फ्रूट्स में फैलने वाली प्रमुख बीमारियो विशेषकर अल्टरनेरिया लीफ स्पॉट–ब्लाइट और अन्य संबंधित रोगों के बारे में जागरूक करना है। ये टीमें सेब के बागीचों में रोग व कीट प्रकोप का मूल्यांकन करेंगी और किसानों को उपयुक्त वैज्ञानिक सुझाव प्रदान करेंगी।

**जयंती**

उधर हिमाचल कला संस्कृति एवं भाषा अकादमी द्वारा 11 जुलाई को भूरी सिंह संग्रहालय चंबा में पहाड़ी गांधी बाबा कांशी राम की जयंती के अवसर पर राज्य स्तरीय समारोह का आयोजन किया जा रहा है। सामारोह में प्रदेशभर से लगभग 60 प्रतिष्ठित साहित्यकार, लेखक और कवियों को आमंत्रित किया गया है।

**बैठक**

15 जुलाई से 30 अगस्त, तक आयोजित होने वाली किन्नौर कैलाश यात्रा के सफल आयोजन को लेकर कल्पा के उपमंडलाधिकारी अमित कल्थाईक की अध्यक्षता में रिकांगपिओं में बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को तैयारियों से सम्बन्धित आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। अमित कल्थाईक ने बताया कि इस वर्ष भी किन्नौर कैलाश यात्रा तांगलिंग गांव से ही आरंभ की जाएगी और मलिंग खट्टा में स्थापित बेस कैंप में सभी यात्रियों को चिकित्सा जांच होने के बाद व 200 रुपए ग्रीन शुल्क के रूप में जमा करवाने पर ही यात्रा की अनुमति प्रदान की जाएगी।

**मौसम**

प्रदेश के अधिकांश भागों में आज हल्के बादल छाए हुए हैं। पिछले दिनों भारी बारिश, भूस्खलन व बादल फटने की घटनाओं से प्रभावित इलाकों में राहत व बचाव कार्य युद्धस्तर पर जारी है और लापता लोगों की खोज के लिए सर्च अभियान भी चलाया जा रहा है। इन इलाकों में एनडीआरएफ, एसडीआरएफ और प्रशासन की टीमें अन्य स्वयंसेवी संस्थाओं के सहयोग से प्रभावितों तक राहत सामग्री पहुंचाने का काम कर रहे हैं। इस दौरान वायुसेना के हैलीकॉप्टरों की सेवाएं भी ली जा रही हैं। अब तक प्रदेश में इस मॉनसून के दौरान अब तक 85 लोगों की मृत्यु हो चुकी है। मौसम विभाग ने आगामी 24 घंटों के दौरान प्रदेश के कुछ स्थानों पर बारिश का यलो अलर्ट जारी किया है।

**इसी के साथ ये समाचार बुलेटिन समाप्त हुआ। हमारा अगला बुलेटिन आप सुन सकते हैं दोपहर 3 बजे।**